## जलौंध में रामनवमी को लेकर बैठक

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जलौंध शिव मंदिर प्रांगण में रामनवमी महोत्सव को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन सिंह ने की, जबकि संचालन बसंत मेहता ने किया। बैठक में छोटकी जलौंध, बड़की जलौंध, चंदा, उरुका, तेतरिया, लोहंडी समेत कई गांवों के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। रामनवमी उत्सव को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से समिति का गठन किया गया। रामनवमी आयोजन समिति में दीपक कुमार को अध्यक्ष और जीतेन्द्र सिंह और चंद्रभूषण मेहता को सचिव बनाया गया। बसंत कुमार और वासुदेव मेहता उपाध्यक्ष, नवल किशोर सिंह और मुकेश प्रसाद मेहता उपसचिव, अशोक प्रसाद मेहता कोषाध्यक्ष, सुरेश प्रसाद मेहता संगठन मंत्री, मुकेश कुमार और वकील कुमार अंकेक्षक, अजय पाठक पुरोहित, गोवर्धन प्रसाद मेहता पुजारी, और बटेश्वर प्रसाद मेहता को अभिभावक की जिम्मेदारी दी गयी। इसके अलावा निगरानी समिति में प्रमोद मेहता, सोनू मेहता और अरविंद कुमार मेहता को शामिल किया गया। बैठक में पिछले वर्ष के कोषाध्यक्ष को बरकरार रखते हुए, उपाध्यक्ष और सह-सचिव समेत अन्य पदाधिकारियों को यथावत रखा गया। बैठक में आगामी रामनवमी को भव्य रूप से मनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। सभी गांवों को दिये गये सहयोग राशि के लक्ष्य को पूरा करने की अपील की गयी। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गयी।

## झारखंड अल्पसंख्यक आयोग ने परिसदन भवन में चर्च कमेटी, प्रशासन और कांग्रेस नेताओं के साथ की बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में संत स्टीफन चर्च की बाउंड्री और वहां बने निर्माण को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्रनय, ज्योति सिंह मथारू और बरकत अली ने चर्च का दौरा कर मामले को देखा। आयोग के प्रतिनिधियों ने चर्च परिसर का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से चर्च की स्थिति और प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर न्यायसंगत समाधान निकालने के लिए प्रयासरत है। इस मुद्दे को लेकर हजारीबाग परिसदन भवन में चर्च कमेटी, जिला प्रशासन और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी पक्षों ने सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने पर चर्चा की। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने भी चर्च पहुंचकर स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, हम एकता और न्याय में विश्वास रखते हैं, और इस मामले को सभी उचित मंचों पर उठाया जायेगा ताकि समाधान निकले और किसी भी समुदाय के अधिकारों का हनन न हो।

## चलकुशा में डोभा के नाम पर सरकारी राशि की निकासी कर बंदरबांट की

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में अजीबों-गरीब मामला प्रकाश में आया है। मामला मनरेगा योजना से जुड़ा हुआ है। बताते चलें कि निरज सिंह पिता सुरेश प्रसाद सिंह बरियौन निवासी के नाम पर मनरेगा योजना संख्या 3416015021/आइएफ/7080901421298 में 8080.10 का डोभा निर्माण कार्य बतलाया गया है। जबकि इस योजना में लगाये गये भूमि प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी के द्वारा भूमि प्रतिवेदन बनायीं ही नहीं गयी है, और बिना भूमि प्रतिवेदन का योजना खोल दी गयीं। वहीं निरज सिंह के द्वारा मनरेगा योजना के तहत 8080.10 डोभा निर्माण कार्य करायी भी नहीं गयी और सरकारी राशि का अवैध निकासी कर दिया गया है। वहीं खाता संख्या 41 प्लॉट संख्या 685 पर प्रियंका देवी पति निरज सिंह के नाम पर एक एकड़ पर आम बागवानी सुरेश प्रसाद सिंह पिता स्वर्गीय जगदीश सिंह, के नाम एक एकड़ पर आम बागवानी अमित कुमार सिंह पिता सुरेश प्रसाद सिंह एक एकड़ पर आम बागवानी प्रदीप सिंह पिता स्वर्गीय नागेश्वर सिंह एक एकड़ पर में आम बागवानी और 100.100.10 का डोभा और अजय सिंह पिता स्वर्गीय जगदीश सिंह के द्वारा एक एकड़ भूमि पर आम बागवानी और 100.100.10 का मनरेगा योजना से पांच एकड़ में आम बागवानी और 40 डी० जमीन पर डोभा निर्माण कार्य बताया गया है। जबकि पंजी 2 में प्लोट 685 और 516 का कुल रकबा 2 एकड़ 95 डी० जमीन दर्ज है। जबकि 5 एकड़ पर आम बागवानी और 40 डी० जमीन पर दो डोभा निर्माण कैसे करा दी गयी। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बरकट्ठा में कई मकानों के उपर झूल रहा बिजली तार



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मेरमगड्डा मोड़ स्थित कई मकानों के उपर एलटी बिजली तार झुल रहा है। जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। कोनहराखुर्द मुखिया मुन्नी देवी और प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से तार हटाने की मांग किया है। बीरेंद्र शर्मा ने बताया कि मेरमगड्डा मोड़ स्थित बिजली का एलटी तार दर्जनों घरों के उपर छत से सटा हुआ झुल रहा है। जिससे लोगों को तार के संपर्क में आने या गिरने का हमेशा खतरा बना रहता है। पोल और तार की स्थिति भी काफी जर्जर हो चुकी है। वहीं पोल का इन्सुलेटर से तार टूटकर पास के पेड़ में सटा हुआ है। जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर लगातार छह महीने से विभाग के कनीय अभियंता समेत अन्य पदाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। लेकिन आजतक विभाग की ओर से कोई देखने तक नहीं आया है। मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया और कोई घटना घटित होती है तो उसकी जवाबदेही विभाग की होगी। साथ ही विभाग के खिलाफ जन आंदोलन किया जायेगा। विदित हो घंघरी फीडर का तार और पोल काफी जर्जर हो चुका है जिसे बदलने की मांग ग्रामीण हमेशा से करते रहे हैं। विद्युत विभाग के उदासीन रवैए से लोगों में आक्रोश है।

## बिंधनिया में करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिंधनिया में 11 हजार तार के चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान मरकच्चो थाना क्षेत्र के पांडेडीह निवासी उमेश यादव पिता खेमन महतो के रूप में की गयी है। परिजनों ने बताया कि उमेश राज मिस्त्री का काम करता था। आज सुबह अपने गांव के बगल के गांव बिंधनिया में एक नव निर्मित मकान के निर्माण कार्य हेतु गया था। इसी दौरान वह लोहे का छड़ मकान के छत पर खड़ा करने का प्रयास के रहा था। तभी छड़ मकान के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार के संपर्क में आ गया। जिससे उसे बिजली का जोरदार झटका लगा और वह नीचे जमीन पर गिर गया। मौके पर मौजूद लोग उसे आनन-फानन में मरकच्चो के स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना पाकर मरकच्चो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक शादीशुदा था और उसके 2 छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। घटना के पश्चात परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हजारीबाग पुलिस के हत्थे चढ़े आठ अपराधी

**पांच उरीमारी थाना और तीन की बड़कागांव थाना क्षेत्र से हुई गिरफ्तारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** पुलिस के लिए शनिवार का दिन खास रहा। हजारीबाग पुलिस में आठ संदिग्ध अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिसमें पांच उरीमारी थाना और तीन की गिरफ्तारी बड़कागांव थाना क्षेत्र से हुई है। हजारीबाग के उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्तिक माइनिंग कंपनी में 4 मार्च की रात हाईवा और दो राउंड एयर फायरिंग मामले में पांच अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों ने वहां पर्चा फेक कर यह भी लिखा था कि राहुल दुबे के बिना मैनेज किए हुए काम नहीं चलेगा। राहुल दुबे कभी अमन साहू गिरोह का सदस्य रह चुका है। इस मामले को लेकर हजारीबाग पुलिस ने तहकीकात करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हजारीबाग एसपी को गुप्त सूचना मिली थी न्यू बिरसा प्रोजेक्ट कांटा घर के पास अज्ञात अपराधी सक्रिय है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए लाल रंग की मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन व्यक्ति को देखा गया। पुलिस को देखकर वे भागने लगे। इसी क्रम में मोहम्मद वारिस और मोहम्मद एजाज को गिरफ्तार किया गया। तीसरा राहुल रविदास भागने में सफल रहा। इसी मामले में तीन अन्य आरोपी मोहम्मद जियारत, मोहम्मद सलामत और सुबोध कुमार को गिरफ्तार किया गया है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि वारिस अंसारी की तलाशी लेने के क्रम में एक लोडेड देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस एक मोबाइल बरामद किया गया। दूसरे मामले में हजारीबाग पुलिस ने तीन आरोपियों को बड़कागांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। हजारीबाग पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़कागांव के भगवान बागी स्थित कर्बला के पास कुछ लोग अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीदारी कर रहे हैं। इस सूचना के आलोक में टीम गठित कर लाल मोहम्मद उर्फ पप्पू, बड़कागांव निवासी और युगल महतो, बड़कागांव निवासी को ब्राउन शुगर के पास साथ गिरफ्तार किया गया। लाल मोहम्मद उर्फ पप्पू के पास से छह पुड़िया में 3 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक कांटा और 15800 रुपया नगद, एसबीआइ का एटीएम कार्ड मिला है। युगल महतो के पास से पांच पुड़िया मे 2.60 ग्राम ब्राउन शुगर और 15020 रुपया बरामद किया गया है। एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहा रहीस महतो को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत लगभग 90 हजार रुपया आंका जा रहा है।

# कोडरमा : ताराघाटी में हाथियों ने मचाया तांडव, तोड़े दर्जनों घर

**खुले आसमान में रहने को मजबूर कई परिवार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा जिले के अलग अलग इलाकों में प्रवेश करने के बाद अब हाथियों का झुंड कोडरमा थाना अंतर्गत ताराघाटी में है। यहां हाथियों ने पहुंच कर जमकर तांडव मचाया। इस दौरान करीब 14 अधिक लोगों के मिट्टी के बने घरों को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया, वहीं क्षतिग्रस्त घर होने से कई परिवार खुले आसमान में रहने को मजबूर है। बताया जाता है कि कोडरमा जिले में पिछले 10 दिनों से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में हाथियों की चहलकदमी जारी है। जयनगर और मरकच्चो में लोग रात में मशाल जलाकर हाथियों को भगाने का प्रयास में जुटे रहे हैं। वही शुक्रवार की रात कोडरमा के ताराघाटी में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान करीब 14 मकान और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। बहरहाल हाथियों के गांव में चलकदमी की सूचना और घरों के क्षतिग्रस्त करने के बाद ग्रामीणों में भय बना हुआ है। वहीं वन विभाग का कहना है कि हाथी ताराघाटी के रास्ते बिहार की और कूच कर गये है।

## स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड बड़कागांव स्थित संचालित सरगम इंटरनेशनल स्कूल बड़कागांव में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। टीचर पेरेंट्स मीटिंग हुई। प्री प्राइमरी वर्ग नर्सरी की दिव्या कुमारी ने 97% के साथ पूरे स्कूल में टॉप किया और अपर सेक्शन में मिस्टी कुमारी क्लास छह ने पूरे स्कूल में 96% लाकर स्कूल टॉपर रहा। सरगम इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य मुसर्रत प्रवीण ने कहा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे स्कूल में बच्चों रिजल्ट अच्छा रहा, इसके लिए उन्होंने इसका श्रेय अपने शिक्षको को दिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक राजेश सोनी ने कहा की हमारा स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता है। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि हमारे स्कूल में 24 से और 31 मार्च तक नि:शुल्क नामांकन होगा। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष सहेस्वर दांगी, उपाध्यक्ष सरोज सोनी, सचिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद साव मौजूद थे।

## रामनवमी महासमिति का चुनाव आज

**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** रामनवमी पूजा महासमिति की चुनाव को लेकर आज रविवार शाम 7:00 बजे बड़कागांव दैनिक बाजार स्थित मां बासंती दुर्गा पूजा समिति बड़कागांव के बैनर तले बैठक रखी गयी हैं। बैठक में नये अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। चुनाव में बासंती दुर्गा पूजा समिति डेली मार्केट, महावीर पूजा समिति ठाकुर मुहल्ला, कुशवाहा रामनवमी पूजा समिति बड़कागांव, अवतार क्लब लोहार मुहल्ला, संगम युवा क्लब बसरिया टोला, शिव शक्ति युवा क्लब बर मुहल्ला, सबरी युवा क्लब अंबेडकर मुहल्ला, रामदूत क्लब मेंन चौक, रामजानकी महावीर पूजा समिति बनिया टोला चट्टी, श्री राम सेना पूजा समिति 15 नंबर चौक, रामनवमी पूजा समिति गुरुचट्टी, वीर हनुमान पूजा समिति प्रेम नगर, सोनबरसा विस्थापित रामनवमी पूजा समिति बड़कागांव सहित विधायक, पूर्व विधायक, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, मुखिया गण, पंचायत समिति सदस्यों, पूर्व जनप्रतिनिधियों शामिल होंगे।

# बीआरसी बरकट्ठा में शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों को मिला टैब

**टैब मिलने से शिक्षकों को कार्य करने में होगी आसानी: बीइओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रति विद्यालय एक-एक टैब का वितरण प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा के सभागार में शनिवार को किया गया। कुल 106 टैब वितरण किये गये। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार, बीपीएम धीरज कुमार शर्मा, लेखापाल चंदन सोनी, कंप्यूटर ऑपरेटर विनय कुमार, बीआरपी जागेश्वर साव और विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक/शिक्षक उपस्थित हुए। इस दौरान बीइओ ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में जहां शिक्षा को डिजिटल रूप से दिया जा रहा है वहीं विद्यालय स्तर के जितने भी रिपोर्ट हैं सभी को ऑनलाइन करने की आवश्यकता पड़ती है। अब टैब मिलने से शिक्षकों की परेशानियां कम होगी। उन्होंने कहा, शिक्षकों को अब ऑनलाइन उपस्थिति बनाने में सुविधा होगी, लोग जे गुरूजी एप का सही उपयोग कर सकेंगे और सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार के प्रशिक्षण और साप्ताहिक मूल्यांकन करने में सुविधा होगी। शिक्षक इस टैब का उपयोग विद्यालय स्तर पर अवश्य करें और सरकार द्वारा दिये गये टैब का जो उद्देश्य है उसे पूरा करने में अपनी भूमिका निभायें। मौके पर अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, सचिव राम किशुन महतो, शिक्षक यमुना साव, राजेंद्र प्रसाद, रामकृष्ण प्रसाद समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# युवाओं के उम्मीदों को लगा पंख, उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु 182 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सुनहरे भविष्य का इंतजार कर रहे युवाओं के उम्मीदों पर पंख लगा, जब हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने चौकीदारी के रिक्त पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र मिलते हीं अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठें और वे खुशी से झूम पड़े। नौकरी पाकर उत्साहित युवाओं ने एक स्वर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त नैंसी सहाय सहित पूरे जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में 182 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय और उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चौकीदार नियुक्ति समिति ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि आप सब की नियुक्ति तीन चरणों की प्रक्रिया पूरी करने के बाद की गयी है। आप सबों का आवेदन अप्लाई करने के बाद दौड़, लिखित परीक्षा और शारीरिक जांच की प्रक्रिया से गुजरने के बाद आप सभी का चौकीदार के पद के लिए चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि आपके दायित्व और भूमिका के लिए बहुत जल्द आपको सूचित किया जायेगा। आप सभी का पोस्टिंग जिले के विभिन्न अंचलों और प्रखंडों में किया जायेगा जहां आप योगदान देंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया को पूर्ण करने में जिला प्रशासन, चौकीदार नियुक्ति समिति का सहयोग और मेहनत सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सदर एसडीओ सह डीटीओ बैद्यनाथ कामती, बरही एसडीओ जोहन टुडू, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, डीपीआरओ रोहित कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सना उस्मानी सहित कई अन्य पदाधिकारी, अभ्यर्थी और कर्मी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त अभ्यर्थी हुए सम्मानित



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार टाटीझरिया में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका संचालन राजू यादव ने किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख संतोष मंडल, सीओ नीलू टुडू, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज मौजूद रहे। अतिथियों ने नवनियुक्त चौकीदार कोल्हू निवासी निरंजन कुमार मंडल पिता प्रेमचंद गुलाब मंडल, छोटा डहरभंगा निवासी आलोक कुमार पिता संजय साव, झरपो निवासी संगीता कुमारी पिता स्व अर्जुन महतो और झरपो निवासी विशाल कुमार दास पिता मुंशी राम को अंगवस्त्र और लेखन पुस्तिका देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि चयनित युवाओं को सम्मानित करने से दूसरे छात्र प्रेरणा लेंगे। उन्होंने अन्य छात्रों को कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। अतः हमें सफल होने तक कड़ी मेहनत करते रहें। मौके पर परमेश्वर प्रसाद यादव, शैलेश सिंह, संतोष कुमार, प्रकाश साव, युगलकिशोर प्रसाद, बालदेव प्रसाद, दिलीप मंडल, श्यामकिशोर यादव, रंजीत कुमार, रीति कुमारी आदि मौजूद रहे।

## 15 वर्षीय रमेश कुमार की लापता होने का सनहा दर्ज



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनपुर गांव निवासी गंगो प्रसाद के पुत्र रमेश कुमार उम्र 15 वर्ष 20 मार्च 25 को 10 बजे दिन से अपने घर सोनपुरा से लापता है। इस संबंध में बड़कागांव थाना में आवेदन दिया गया है। आवेदन में कहा गया है कि 20 मार्च को करीब 10 बजे दिन से अपने घर सोनपुर से कहीं चला गया है। शाम को जब घर नहीं लौटा तो लोग काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया है। लड़का का हुलिया लंबाई 5 फीट, शरीर साधारण, हल्का गोरा, भाषा हिंदी, शॉर्ट मि टी कलर व्हाट ट्राउजर और पर में चप्पल है इस संबंध में लापता युवक की मां संगीता देवी ने बड़कागांव थाना में तनहा दर्ज करायी है। संगीता देवी ने कहा कि जिस किसी को पता चले तो मोबाइल नंबर 9341399719, 98017 20137, 7050629013 पर सूचना देने का आग्रह किया है।

## इफ्तार किट का किया गया वितरण



**चरही (आजाद सिपाही)।** शनिवार को नई सोच सेवा संस्थान चरही के द्वारा इफ्तार किट का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष हाफिज इफ़्तेखार और संरक्षक मो वकील अंसारी के सयुक्त रूप से वितरण का शुरुआत करीमगंज मस्जिद के पास से किया गया। उसके बाद कजरी चरही और इंद्रा मे जरुरत मंद लोगो के घर तक इफ्तार किट पहुंचाया गया। वही संस्था के संरक्षक वकील अंसारी ने बताया की हम लोग हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी लोगों के सहयोग राशि से इफ्तार किट का वितरण किया गया और हर वर्ष इसी तरह संस्था के सदस्यों के अगुवाई मे किया जायेगा। वहीं उन्होंने बताया की संस्था के द्वारा बहुत जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए तैयार कर रही है। आने वाले वर्ष में संस्था के द्वारा स्कूल खोला जायेगा और बच्चों को अच्छी तालीम और शिक्षा दिया जायेगा। जिस परिवार में स्कूल का फीस देने में सक्षम नहीं है उस बच्चा का फीस संस्था के द्वारा भरपाई की जायेगी। मौके पर मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष हाफिज इफ्तेखार जियए, संरक्षक मोहम्मद वकील अंसारी, सचिव मोहम्मद अफजल अंसारी, कोषाध्यक्ष सिकंदर अंसारी, सदस्य फराज करीम, शोएब अख्तर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में अवैध बालू लदा वाहन जब्त

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने अवैध बालू लदे मिनी हाइवा वाहन को धर दबोचा। अवैध बालू बगोदर की और से हजारीबाग ले जाया जा रहा था। बालू के अवैध कारोबारी शाम ढलते ही सक्रिय हो जाते हैं, कई लोग इस गोरखधंधे में शामिल हैं विष्णुगढ़ के अलावा अन्य प्रखंडों के तस्कर बालू की तस्करी में शामिल हैं। इस संबंध में अंचल अधिकारी विष्णुगढ़ ने वाहन मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। कांड संख्या 53 /2025 बी एन एस की धारा 317 (5)खनिज और विकास अधिनियम( 4) खान, खनिज और विकास विनियम 4 /21 खान खनिज अधिनियम 2117 (9)झारखंड खनिज अवैध खनन पर (13)परिवहन और भण्डार नियम 2017,9/13 के तहत वाहन मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। एक सप्ताह के अंदर दो मामले दर्ज किये गये बताते हैं कि गत दिनों सात मिल मोड़ में ग्रामीणों ने अवैध बालू ले जा रहे वाहन को पकड़कर विष्णुगढ़ पुलिस को सौंप दिया था। जिससे बालू तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

## बड़कागांव में छात्र-छात्राओं को दी गयी साइकिल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया कार्यक्रम के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिश्रामपुर में आठवीं कक्षा के 26 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गयी। साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिश्रामपुर पंचायत मुखिया लीलावती देवी उपस्थित रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों को साइकिल सौंपी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार, नारायण महतो, दिनेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष देवकी प्रजापति, संयोजिका बबीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार और पूर्व उप मुखिया नागेश्वर यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार ने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों की शिक्षा को सुगम बनाने में सहायक होगी। मुखिया लीलावती देवी ने कहा कि साइकिल प्राप्त करने से छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और वे शिक्षा के प्रति अधिक प्रेरित होंगे। इस पहल से दूरदराज के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा और वे अपने अध्ययन में और अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

## बजाज फाइनेंस से लोन दिलाने के नाम पर ठगी मामले में एक गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** फेसबुक पर बजाज फाईनेंस से लोन दिलाने के नाम पर पैसा की ठगी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। विगत 21 मार्च की रात्रि में पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थानान्तर्गत तिलैया बस्ती के एक मकान से लोन देने के नाम पर आमजनो को ऑनलाईन के माध्यम से पैसे की ठगी की जा रही है। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि उक्त सूचना के सत्यापन हेतु तिलैया थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया बस्ती स्थित उक्त मकान में छापामारी की गयी है। छापामारी के दौरान एक साईबर अपराधी अखिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया और गठित टीम के द्वारा मकान की तलाशी ली गयी, इस दौरान पकड़ाये अपराधी के रूम से 9 एटीएम, 2 मोबाईल, 2 सीम, 3 पासबुक और 36 हजार नगद बरामद किया गया। जिसके बाद गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि ये फेसबुक पर वेबसाईट के माध्यम से फर्जी बजाज फाईनेंस कम्पनी से लोन दिलाने के नाम पर एड, लिंक जारी कर आम लोगो को लोन हेतु संपर्क करते थे, और लोन देने के नाम पर एक राशि के तौर पर कुछ पैसा का डिमांड करते थे, पैसा आ जाने के बाद वह व्यक्ति लोन का डिमांड करता था तो गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा बोला जाता था कि अभी साइट में कुछ तकनीकी समस्या है जिस कारण लोन की राशि देने में देरी है और कुछ और अतिरिक्त पैसा का डिमांड करते थे। साथ ही फर्जी पैसा प्राप्त होने का मैसेज बनाकर कई व्यक्तियों को अपने मोबाईल से भेजते थे और उस व्यक्ति से ओटीपी प्राप्त होने पर पीड़ित के खाते से पैसा को अपने विभिन्न बैक खातो में ट्रान्सफर कर एटीएम के माध्यम से निकासी करते थे। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या- 97/25 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर एसपी के अलावे थाना प्रभारी विनय कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश मौजूद थे।

## बलसगरा के बिहारी प्रजापति ने जान मारने की नीयत से गोली चलाने का लगाया आरोप



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलसगरा (बरवा टोला) निवासी बिहारी प्रजापति ने गांव के प्रकाश कुमार प्रजापति, पिता मुंशी प्रजापति पर जान मारने की नीयत से गोली चलाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में घायल बिहारी प्रजापति ने मांडू थाना में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आवेदन में गांव के प्रकाश कुमार प्रजापति पिता मुंशी प्रजापति पर जान लेने की नीयत से गोली चलाने का आरोप लगाया है। इधर मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान ने प्रकाश प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं घायल का इलाज सदर अस्पताल रामगढ़ में चल रहा है।

## पीएम कुसुम योजना को लेकर डीसी ने की जिला स्तरीय समिति की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार ने गठित समिति के द्वारा पीएम-कुसुम योजना के तहत कृषको के कुल- 500 ऑनलाइन आवेदनों के प्रखंडों से सत्यापन के पश्चात प्राप्त सूचि की स्वीकृति-अस्वीकृति से संबंधित बैठक अपने कार्यालय कक्ष में शनिवार को किया। बैठक में डीसी द्वारा निदेश दिया गया कि यह सुनिश्चित किया जाय की योजना का दोहरीकरण न हो और सुयोग्य कृषकों को ही योजना का लाभ मिले। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, रामगढ़ और कुजू परियोजना निदेशक, आत्मा, उप परियोजना निदेशक आत्मा और अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

## डीसी ने राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों और सचिवों के साथ की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में मतदान केंद्रों की स्थिति में सुधार आवश्यक है। कुछ ऐसे स्थान भी हैं, जहां के लोगों को वोट डालने के लिए लंबी दूरी तय कर बूथ तक पहुंचाना पड़ता है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और सचिवों के साथ बैठक की। डीसी ने राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे हैं, ताकि मतदान केंद्रों की स्थिति में बदलाव किया जा सके। एनआइसी कक्ष में बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, प्रतिनिधियों को बताया गया कि संविधान और वैधानिक ढ़ाचों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक है। राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष से बूथ लेवल एजेंट की संबंधित मतदान केंद्रों में नियुक्त करते हुए उसकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि वर्तमान में मतदाता सूची में छुटे हुए योग्य नागरिकों का नाम जोड़ने, मतदाताओं के नाम और अन्य विवरणी में अपेक्षित सुधार करने और मृत/अनुपस्थित आदि मतदाताओं के नाम नियमानुसार विलोपित करने की कार्रवाई सत्त अद्यतनीकरण के तहत की जा रही है। जिस कार्य में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में निबंधित होने से वंचित नहीं रहे। सतत अद्यतनीकरण में प्राप्त प्रपत्र 6, 7 और 8 की विवरणी सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया।

## सरदार अनमोल सिंह को सांसद प्रतिनिधि बनने पर लोगों ने किया स्वागत



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के दुसाध मोहल्ला स्थित पासवान धर्मशाला में शुक्रवार को देर शाम सरदार अनमोल सिंह को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने अनमोल सिंह को रामगढ़ कैंट का सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर सांसद मनीष जायसवाल के प्रति हर्ष व्यक्त किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि को अंग वस्त्र और पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया। वहीं, अनमोल सिंह ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सांसद के माध्यम से संघर्ष कर पूरा करने का प्रयास करेंगे। पासवान समाज के लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सही व्यक्ति का चुनाव किया है। इससे न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी और पूरे रामगढ़ को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। इस अवसर लाकेंद पासवान, अशोक पासवान, राजू पासवान, विक्की पासवान, मनोज पासवान, रानी देवी, सुमित्रा देवी आदि शामिल थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में रंग -बिरंगी छटा बिखेर रही है राजकीय पुष्प पलाश



**लावालौंग /चतरा (आजाद सिपाही)।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र इन दिनों पलाश के फूलों से गुलजार है। लावालौंग प्रखंड में पलाश के पेड़ बड़ी संख्या में पाये जाते हैं। पलाश के फूल अपनी खुशबू व सुंदरता से प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ा रहे हैं। पलाश का फूल न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण प्रदान करता है बल्कि आदिवासी संस्कृति के साथ साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भी इसका विशेष महत्व है। इस समय जगह-जगह पलाश के पेड़ो में फूल खिले हुए हैं। जिससे वन क्षेत्र के अलावा गांव के आसपास के इलाकों में पलाश की लालिमा से प्राकृतिक सुंदरता अधिक निराली हो जाती है। जानकारों का कहना है कि पलाश के बीज और जड़ का उपयोग रोगों के उपचार के लिए अनेक प्रकार की आयुर्वेदिक दवाओं में किया जाता है। इसके कई लाभ और गुण है। आदिवासी समुदाय के लोग अपने समाज और संस्कृति में पलाश के फूल को काफी महत्व देते हैं। बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही पलाश के पेड़ पर फूल खिलने लगते हैं। पलाश के फूलों को कई नामों से भी पुकारे जाते है।

### कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना चालू करने को लेकर डीसी ने की बैठक

# केबीपी परियोजना पर की सकारात्मक चर्चा

**सांसद, विधायक और ग्रामीणों के साथ बैठक के बाद निकला हल**

**परियोजना का कार्य शुरू कराने पर सहमति बनाने की कोशिश, हो सकता है कार्य प्रारंभ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** झारखंड की बेहद महत्वाकांक्षी कोतरे बसंतपुर पचमो परियोजना में खनन कार्य शुरू होने वाली बधाओ को दूर करने किये डीसी चंदन कुमार काफी गंभीर है। उनके पहल पर शनिवार को समाहरणालय परिसर में बैठक आयोजित की गयी। केबीपीएमएल कंपनी के द्वारा यहां ओवी हटाने और कोयला उत्खनन करने का कार्य शुरू करने पर विशेष रूप से जोर दिया गया । साथ जी सहमति बनाने का प्रयास किया गया कि जिस जमीन का स्टेटमेंट 6 तैयार हो गया है। उस जमीन पर कार्य शुरू किया जाये। जिसपर लगभग सहमति बन है है। अब देखना होगा कि परियोजना का कार्य शुरू कब होता है। बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, एसपी अजय कुमार, केबीपीएमएल कंपनी के प्रतिनिधि और परियोजना से प्रभावित ग्रामीण शामिल थे। जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, केबीपीएमएल कंपनी के पदाधिकारी ने अपने-अपने पक्ष रखें। डीसी चंदन कुमार ने स्पष्ट किया कि लोगों की समस्या दूर करने के लिए अधिकारी प्रतिबद्ध हैं। सबसे पहले उस जमीन से परियोजना शुरू की जायेगी, जहां की सारी समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। इस बैठक में जितनी भी बातें आयी हैं, उन्हें सूचीबद्ध कर लिया गया है। एक तरफ समस्या का समाधान भी होता रहेगा, दूसरी तरफ काम भी चलता रहेगा। जितने जमीन पर ग्रामीणों का दावा है उसका स्टेटमेंट सिक्स तैयार होने में लगभग 4 महीने और लगने की संभावना है। ऐसी स्थिति में परियोजना में माइनिंग बंद रखने की बात बेमानी होगी।

**स्पॉट पर ही समस्या का समाधान करने की रखी गयी बात :** इस बैठक में सांसद मनीष जायसवाल और चंद्र प्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि परियोजना विकास का प्रारूप है। लेकिन ग्रामीणों की समस्या की अनदेखी सही नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर परियोजना चिन्हित है, वहीं पर ग्रामीणों के साथ वार्ता हो और उनकी समस्या का समाधान ऑन द स्पॉट हो।

### बाधक साबित हो रहे बिंदुओं पर हुई चर्चा

**डीसी चंदन कुमार ने भी उन बिंदुओं पर चर्चा की जो परियोजना चालू करने में बाधक साबित हो रहे हैं। इस दौरान भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सांसदों, विधायक, कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना के पदाधिकारियों और ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गयी। मौके पर ग्रामीणों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त और परियोजना के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही परियोजना चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।**

# सांसद ने विभिन्न अखाड़ों में बांटे अस्त्र-शस्त्र

**अश्लील गानों से करे परहेज और श्री रामनवमी की सुचिता को बनाये रखें: मनीष**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को रामगढ़ कैंट के विभिन्न रामनवमी अखाड़ों के बीच पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का वितरण किया। उन्होंने विभिन्न अखाड़ों समिति के अध्यक्ष, सचिव और सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासित तरीके से श्री रामनवमी पर्व को मनाने और परंपरागत दंड और शस्त्र चलाने की प्रशिक्षण देने की बात कही। उन्होंने नशापान से परहेज करने और अश्लील गीत नहीं बजाते हुए श्री रामनवमी की सुचिता को बनाये रखने का निर्देश दिया। मौके पर वरिष्ठ नेत्री इला रानी पाठक, डॉ संजय प्रसाद सिंह,रामगढ़ विधानसभा सह सांसद प्रतिनिधि और अनुसूचित जाति प्रदेश मंत्री विनोद कुमार, जिला महामंत्री विजय जायसवाल, ग्रामीण मंडल सांसद प्रतिनिधि व जिला मंत्री दिलीप सिंह, वरिष्ठ नेता प्रो खिरोधर साहु, सहदेव ठाकुर, रामनवमी समिति के संरक्षक राजेश ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, वरिष्ठ नेता दीपक सोनकर, मीडिया सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह, ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश मंडल अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, रूपा देवी, संजय साह, सुनील प्रसाद, वारिश नेता दीनदयाल कुमार, वसुध तिवारी, रॉबिन गुप्ता, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र शर्मा, विशाल जायसवाल, छठी प्रसाद, सहित भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता, विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि और कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

## जीवन के लिए जल संरक्षण जरूरी: सुषमा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विश्व जल दिवस योगाचार्य सुषमा सुमन ने बताया कि आज के दिन बहुत महत्वपूर्ण दिन है। चाहे किसान हो चाहे बिजली उत्पादन की जरूरत हो चाहे पेड़ पौधा हो चाहे मनुष्य हो। चाहे कोई भी जीव जंतु हो सभी को जल की जरूरत होती है। इसलिए कहते हैं कि जल ही जीवन है। आज के दिन ही ब्राजील में संयुक्त राष्ट्र की बैठक हुई थी। 1992 में पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन किया गया और 22 मार्च 1993 को पारित किया गया विश्व जल दिवस बनाने का निर्णय लिया गया। साथ में साफ जल स्वच्छ पानी मनुष्य के लिए अभिन्न और महत्वपूर्ण है। प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि जल को बचाने के लिए जल के प्रति जागरूकता अभियान चलाना बहुत जरूरी है। जल का संकट पूरा विश्व में है बहुत सारे ऐसे देश हैं। इसलिए बरसात की पानी को कैसे बचाएं, बर्बाद ना होने दें इस पर प्रत्येक देश के सरकार को स्पेशल बजट और कानून लाना चाहिए।

# स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह

**जिले के सभी 12 प्रखंडों से पांच- पांच उत्कृष्ट विद्यालयों के उत्कृष्ट 120 आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चतरा।** विद्यालय स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम (एसएचडब्लूपी) के तहत जिले के सभी 12 प्रखंडों से पांच- पांच उत्कृष्ट विद्यालयों के उत्कृष्ट 120 आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के समन्वय और सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी-3) के तकनीकी सहयोग से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वावधान में आयोजित विद्यालय स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम (एसएचडब्लूपी) के तहत सम्मान समारोह में सभी प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य कर रहे पांच पांच विद्यालयों और उसी विद्यालयों के दोनों आरोग्य दूत शिक्षकों को वित्तीय वर्ष (2024-2025) में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, सिविल सर्जन चतरा डॉ दिनेश प्रसाद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला भूअर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला आरसीएच पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, सी3 के कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा सभी 120 आरोग्य दूत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष, सिविल सर्जन चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा द्वारा विस्तार से कार्यक्रम के फायदे के बारे में बताया गया और बच्चों को और शिक्षक को इस कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ करने के लिए सुझाव दिया गया। साथ ही बच्चों से अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ रहने, समाज की अच्छी परिकल्पना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिससे इस महत्वपूण कार्य का उद्देश्य पूरा हो सके। सभी आरोग्य दूत को विद्यालय स्तर पर लागू कराने के लिए प्रोत्साहित किया, सभी प्रतिभागी का गणमान्य अतिथि के द्वारा आरोग्य दूतो का उत्साह वर्धन किया गया और दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करने के बारे में भी बताया गया। ज्ञात हो कि आयुष्मान भारत पहल के अंतर्गत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग (झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्) और झारखंड स्वास्थ्य मिशन (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम कोषांग), झारखंड़ सरकार के संयुक्त प्रयास और सेंटर फॉर कैटलाइंजिग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम राज्य के सभी 24 जिलों में मौजूद सभी मध्य, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों (वर्ग 6 से 12 तक) में संचालित है। मौक पर स्वास्थ्य विभाग से सभी प्रखंड से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला/प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई तकनीकी सहयोगी संस्था सेंटर फॉर कैटालजिंग चेंज (सी -3) के कार्यक्रम प्रबंधक और कार्यालय कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# डीसी ने महुआटूंगरी में अवैध कोयला उत्खनन मुहानों का किया स्थल निरीक्षण

**अवैध मुहानों को चिन्हित कर अविलंब करें ध्वस्त**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कुजू।** क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को गोबरदाहा और महुआटूंगरी के जंगलों में बने अवैध कोयला उत्खनन मुहानो का स्थल निरीक्षण किया। डीसी ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना अंतर्गत पड़ने वाले गोबरदाहा में तीन व महुआटुंगरी में बने 5 अवैध मुहानों को चिन्हित किया। जहां डीसी ने वन विभाग व सीसीएल विभाग को तत्काल सभी अवैध उत्खनन मुहानों को रणनीति बनाकर अविलंब ध्वस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध मुहानों को कंट्रोल ब्लास्टिंग के साथ मिलकर ब्लास्ट कर मुहानों की डोजरिंग करने के लिए सीसीएल सहित वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, मुहानों से निकाले गये अवैध कोयला को जब्त करने की बात कही। उन्होंने सीसीएल को परियोजना क्षेत्र अंतर्गत सभी अवैध मुहानों को तत्काल बंद करने निर्देश दिया। साथ ही, संबंधित पदाधिकारी को जिले के अलग-अलग स्थलों पर सर्च अभियान चलाकर अवैध मुहानों को चिन्हित कर बंद कराने का निर्देश दिया। इस दौरान अवैध मुहानों के पास पानी निकालने वाला दो मोटर पंप को भी बरामद किया गया। स्थल निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय शाखा प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, डीएफओ नीतीश कुमार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, जिला खनन पदाधिकारी निशांत सिंह, सीसीएल कुजू महाप्रबंधक आरके सिन्हा, करमा पीओ पवन कुमार सहित क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग हेमंत सिंह, मुकेश कुमार समेत जिला बल के जवान शामिल रहे।

## मां शीतला देवी मंदिर में भंडारा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी लगातार 37वां सप्ताह भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गयी। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 400 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु आदि का विशेष योगदान रहा। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं और दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा नि:शुल्क टीकाकरण किया गया।

## प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन




**कुजू (आजाद सिपाही)।** जन शिक्षण संस्थान, रामगढ़ ने शनिवार को कुजू पश्चिम पंचायत भवन में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। वितरण समारोह में मुख्य रूप से संस्थान के निदेशक आकाश शाह, कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा, कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश कुमार मेहता रहे। इस दौरान आगत अतिथियों ने दर्जनों प्रशिक्षित महिलाओं के बीच ब्यूटी केयर असिस्टेंट, असिस्टेंट ड्रेस मेकर, फूड प्रोसेसिंग और हस्तकला का प्रमाण पत्र वितरित की। इस अवसर पर संस्थान निदेशक आकाश शाह ने कहा कि संस्थान ने क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर स्किल इंडिया के तहत प्रशिक्षित किया है। जो आने वाले दिनों में प्रशिक्षित महिलाओं के लिए यह प्रशिक्षण वरदान साबित बनेगा। जो अपने परिवारों के लिए आर्थिक सहयोग में भागीदार बनेगा। इस अवसर पर कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा और कुजू दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश कुमार मेहता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन शिक्षण संस्थान का कार्यक्रम स्थानीय समुदाय के लिए बहुत उपयोगी है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। वितरण समारोह कार्यक्रम में संस्थान के ब्रजेश कुमार, रवि प्रकाश, रोहित कुमार, सुकेश सिंहा, प्रशिक्षक शहनाज खातून, वर्षा कुमारी, सुनीता सिंह, बेबी देवी, उप मुखिया संगीता देवी, वार्ड सदस्य रघुनाथ मेहता, समाजसेवी संतोष भारद्वाज समेत कई प्रशिक्षु शामिल रहे।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय तंबाकू नियत्रंण के तहत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियत्रंण कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला कुष्ठ निवारण सह-नोडल पदाधिकारी (एनटीसीपी) डॉ तुलिका रानी के संयुक्त अध्यक्षता में सिविल सर्जन के सभागार कक्ष में लॉ इंफोर्सर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से पुलिस विभाग के अवर निरीक्षक, आरक्षी और हवलदार ने प्रशिक्षण प्राप्त किये। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सभी को कोटपा 2003 के अंतर्गत प्रावधान के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर धुम्रपान अर्थात बीड़ी, सिगरेट आदि के सेवन पर 200रुपया तक का आर्थिक दंड लिया जायेगा। इसका मुख्य कारण यह हैं कि जब भी कोइ भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करता हैं तो अपने आस-पास के व्यक्ति को न चाहते हुए भी सिगरेट के हानिकारक जान लेवा धुवे से प्रभावित करता हैं। जिससे हृदय जनित बिमारी होने का खतरा बढ़ जाता हैं। साथ ही किसी भी तंबाकू दुकानदार को अपने दुकान के मुख्य पृष्ठ पर साईनेज 6ए को लगाना अनिवार्य हैं। उलंधन स्थिति में दो 200 रुपया तक आर्थिक दंड लिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि स्कूल के 100 गज के दायरे में तंबाकू का किसी भी प्रकार का पदार्थ नहीं बेचा जाना हैं। उलधंन स्थिति में आर्थिक दंड लिया जायेगा। कोटपा 2003 के धारा 5 के अंतर्गत किसी भी तंबाकू उत्पाद का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाना हैं। साथ ही दुकान के काउंटर के सामने रख कर या लटका कर तंबाकू पदार्थ नहीं बेचा जाना हैं, उलंधन की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रशिक्षण में आये सभी थाना संबंधित कर्मी को अर्थदंड चालान बुक उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में जिला परामर्शी एनटीसीपी विनय शर्मा और जिला एनसीडी कोषांग के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## सूर्य मंदिर, चुंदरु धाम के प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक संपन्न



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सूर्य मंदिर चुंदरु धाम के प्रांगण में कसियाडीह पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों और टंडवा क्षेत्र के ग्रामीण ने शनिवार को बैठक आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता रामदेव पासवान, संचालन मुखिया पति गोपाल महतो ने किया गया। बैठक के दौरान सूर्य मंदिर के विकास और वर्तमान गतिविधि नीति नियमों पर चर्चा किया गया। बैठक में विचार विमर्श कर अपनी-अपनी मंतव्य साझा किया। ग्रामीणों ने एक पखवारे पहले बनी कमिटी पर घोर निंदा और आपत्ती जताते हुए विरोध किया। बैठक के बाद प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया गया। इसमें रामदेव पासवान ने कहा कि पूर्व में ग्रामीणों के समक्ष बैठक कर पर्यवेक्षक मंडली की गठन किया गया था। पर्यवेक्षक मंडली द्वारा पूर्व गणेश महोत्सव 2024 की देख-रेख एवंम् सूर्य मंदिर विकास समिति की देख-रेख के लिए बनाया गया था। जिसमें 32 पर्यवेक्षक मंडली सदस्यों की कुछ समय के लिए समिति बनायी गयी थी। इन्हीं पर्यवेक्षक सदस्यों के द्वारा कमिटी गठन करने की बात और प्रस्ताव लिया गया था। जिसे अवहेलना करते हुए कुछ लोगों द्वारा बिना ग्रामीणों को सूचना और प्रचार प्रसार और बिना जानकारी की कमिटी का गठन किया गया। जिसका विरोध कर खारिज मौजूद भक्तों द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लेकर नयी कमिटी की गठन हेतु प्रचार-प्रसार कर 13 अप्रैल 2025 को सार्वजनिक चुनाव मंदिर के प्रांगण में किया जायेगा। पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत के मुखिया पति गोपाल महतो ने कहा कि स्थानीय और ग्रामीणों को बिना जानकारी और सूचना दिये बगैर कमिटी बनायी गयी है जिसका विरोध कर खारिज करता हूं। मंदिर की विकास व भक्तों की भावनाओं को देखते हुए और मंदिर की बेहतर संचालित के लिए नई कमिटी की गठन किया जायेगा।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक उम्र करीब 25 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के संबंध में वरीय स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिली कि एक अज्ञात युवक रेल मालगाड़ी से कट गया है। सूचना पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन पुलिस बल के साथ दोपहर 12.10 मिनट में रिचुघटा से खुलकर रेणुकूट जा रही मालगाड़ी इंजन से पांच बोगी के पार स्टेशन में खड़ी मालगाड़ी के बीचोंबीच युवक कटा हुआ है जिसकी सांस चल रही थी। इसके बाद रेलवे चिकित्सक को सूचना देते हुए युवक को रेलवे ट्रैक से हटाया गया, लेकिन मौके पर पहुंची रेलवे रेलवे चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि युवक के पास से एक बंद पड़ा मोबाइल और एक पर्स बरामद किया गया, जिसमें पैसा और युवक की किसी तरह की पहचान पत्र बरामद नहीं किया गया। आसपास के लोगों से युवक को पहचाने का प्रयास किया जा रहा। वहीं इस संबंध में रेलवे स्टेशन में रहे कई प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक रेलवे स्टेशन में दो नंबर प्लेटफार्म में बैठा हुआ था।

# ओलावृष्टि से फसल नुकसान का डीसी ने लिया जायजा, दिये निर्देश



भंडरा में किसानों के खेत में जाकर ओलावृष्टि का जायजा लेते उपायुक्त।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भंडरा प्रखंड कार्यालय में ओलावृष्टि के कारण हुई फसल क्षति वाले किसानों और प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में ओलावृष्टि के कारण किसानों ने गेहूं और अन्य फसलों को हुए नुकसान की जानकारी दी। बैठक में फसल बीमा करने वाली इंश्योरेंस कंपनी के जिला समन्वयक मयंक द्वारा जानकारी दी गयी कि जिन किसानों का फसल बीमा हुआ है वे 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर डायल कर इंश्योरेंस कंपनी के समक्ष अपने नुकसान हुए फसल की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद इंश्योरेंस कंपनी शिकायत की जांच स्थल पर जाकर करेगी।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन किसानों का फसल नुकसान हुआ है उसकी जानकारी के लिए किसानों को सूचित किया जाये। साथ ही सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन कर किसानों से आवेदन प्राप्त किये जायें। जब किसान अपना रजिस्ट्रेशन करायेंगे, जिससे उन्हें एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी जो आगे की कार्रवाई में जरूरी होगी। उपायुक्त द्वारा भौरो पंचायत के ग्राम बलसोता सरनाटोली में एक किसान के तरबूज की खेती को ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ था, उस स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही, आवश्यक निर्देश अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी भंडरा को दिया। मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार व किसान उपस्थित थे।

## ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर सीओ और बीडीओ ने लिया जायजा



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को आंधी तूफान और ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति वाले किसानों और प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों के साथ सीओ और बीडीओ ने बैठक किया गया। अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी और प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया। ओलावृष्टि से जिन-जिन किसानों का फसल क्षति हुआ है, उन सभी किसानों को क्षतिपूर्ति के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड कृषि पदाधिकारी को एटीएम को निर्देश दिया गया कि सभी किसानों से आवेदन के साथ फसल का फोटो, किसान का आधार कार्ड, जमीन का रसीद और बैंक पासबुक का छायाप्रति लेने का निर्देश दिया गया है। मौके पर सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, बीडीओ संग्राम मुर्मू, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, एटीएम सुमन कुमार के अलावे सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# आजाद सिपाही की खबर पर राजद महासचिव उपेंद्र ने लिया संज्ञान, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दैनिक आजाद सिपाही अखबार में गत छह मार्च के अंक में अभियंताओं की लापरवाही से लोहरदगा और कैरो में मनरेगा हासिये पर शीर्षक से खबर प्रकाशित किया गया था, जिसपर राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के प्रदेश महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह यादव ने संज्ञान लेते हुए इस मामले में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर उक्त अभियंता के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग किया है। राजद प्रदेश महासचिव ने उपायुक्त को बताया कि लोहरदगा सदर प्रखंड में कार्यरत अभियंता सुबोध कुमार सत्यम की लापरवाही की चर्चे आम है। इनके लापरवाही के कारण लोहरदगा और कैरो में मनरेगा योजना हासिये पर है। इनके विरुद्ध सेन्हा ब्लॉक में सरकारी राशि गबन करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसके बाद इन्होंने राशि को जमा करा दिया था। इनपर मनरेगा अधिनियम के तहत उचित कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत है।



अभियंताओं की लापरवाही से लोहरदगा और कैरो में मनरेगा हाशिये पर

# लाइसेंसधारी खुदरा शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों का नहीं मिला वेतन, उपायुक्त से गुहार लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के लाइसेंसधारी खुदरा शराब दुकान में कार्यरत सेल्समैन और इंचार्ज ने वेतन नहीं मिलने से परेशान होकर जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को ज्ञापन सौंपकर वेतन भुगतान कराने का गुहार लगाया है। बताया गया कि जिले में लाइसेंसधारी खुदरा शराब दुकानों को उत्पाद विभग और विजन हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है। लेकिन वर्ष 2024 जून महीने से खुदरा शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है न ही प्लेसमेंट की अवधि का विस्तार किया गया है। जिससे जिले में कार्यरत खुदरा शराब दुकान के कर्मियों का वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिससे परेशान होकर खुदरा शराब दुकानों के कर्मियों ने जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अपनी परेशानियों से अवगत कराते हुए जल्द वेतन भुक्तान कराने का गुहार लगाया है। ज्ञापन सौंपने में शराब दुकान के दर्जनों कर्मी शामिल हुए। जिनमें विकास साहू, सतीश वर्मा, संजय कुमार, राजेश कुमार, नीलेश साहू, नकुल कुमार, संदीप राम आदि शामिल हुए।

## पीएम श्री के रूप में चयनित विद्यालय में चित्रांकन प्रतियोगिता



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार डायट, लातेहार में पीएम श्री विद्यालयों का FLN चित्रांकन, कविता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य के 339 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है। लातेहार जिला में 11 विद्यालयों को पीएम श्री के रूप में चयनित किया गया है। इन विद्यालयों का संचालन नीईपी 2020 के आदर्श विद्यालय के रूप के किया जाना है। इसके साथ ही राज्य के अन्य विद्यालय तदनुरूप अनुकरण करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा सके। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के द्वारा उपस्थिति छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति अपने अभिभावकों को जागरूक करने के लिए हेलमेट का प्रयोग करने एवं सड़क सुरक्षा के नियमों को बताया गया। उन्होंने छात्र-छात्रओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी डॉ चंदन,कार्यपालक दण्डाधिकारी अजय कच्छप,अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षक एवं अन्य उपस्थित थे।

# पेयजल आपूर्ति को लेकर उपायुक्त से संबंधित विभाग की शिकायत, नियंत्रण कक्ष का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार गर्मी के मौसम में पेय जलापूर्ति की समस्या को देखते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत व मरम्मती के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार में बनाया गया है। पेयजलापूर्ति संबंधित किसी भी तरह की शिकायत और समाधान हेतु दूरभाष नंबरः 9031497550 पर संपर्क किया जा सकता है।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार में जिला स्तर पर विवेकानन्द कुमार, कनीय अभियंता अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रशाखा लातेहार (शहरी) को नियंत्रण कक्ष का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। राजीव रंजन निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल और स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार का मोबाईल नंबर- 7903582848 तथा अमित कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का मोबाईल नंबर-7903530445 है को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है। कंट्रोल रूम में कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में शिकायत दर्ज करा सकते है।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार अन्तर्गत अवर प्रमंडल/प्रशाखा स्तर पर भी शिकायत पुस्तिका संधारित है, तथा संबंधित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के जल सहिया को भी शिकायत दर्ज करा सकते है। जिला अंतर्गत अगर कहीं भी पेयजल संबंधित शिकायत या मरम्मती कार्य की आवश्यकता हो तो सहायक अभियंता या संबंधित क्षेत्र के कनीय अभियंता को कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।

## हेसल बसारडीह में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार कल्याण विभाग के सहयोग से विकास भारती द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन दिनांक 24 मार्च 2025 को किया गया है। इस शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध अस्पताल पारस हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम निशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करेगी।

## 'इ-केवाइसी सप्ताह' के अंतर्गत आपूर्ति विभाग का जागरूकता रथ रवाना



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों (पीला कार्ड एवं गुलाबी कार्ड) का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के लिए दिनांक 21 से 27 मार्च 2025 तक आयोजित 'ई-केवाईसी सप्ताह' के अंतर्गत आपूर्ति विभाग के जागरूकता रथ को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखायी गयी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल द्वारा नजदीकी जन वितरण प्रणाली की दुकान पर जा कर लाभुकों का ई-केवाईसी कराया गया व उनकी प्रविष्टि पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये गए। **टॉल फ्री नंबर करें शिकायत :** जिन लाभुकों को राशन कार्ड की निर्धारित मात्रा से कम राशन अगर जनवितरण प्रणाली दुकानदार द्वारा दिया जाता है तो ऐसे लाभुक राज्य सरकार के टॉल फ्री नंबर 18002125512 या 1967 पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## रामनवमी के अवसर पर श्रीरामचरित्र मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ का होगा आयोजन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों की बाजार स्थित शिव मंदिर में एक बैठक आयोजित की गयी। पूजा के सफल संचालन के लिए एक कमिटी का भी गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से पंकज गिरी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सुमित कुमार को उपाध्यक्ष शिवानंद प्रसाद को सचिव दीपू प्रसाद और हर्ष कुमार को महासचिव जब की दीपक प्रसाद को कोषाध्यक्ष और में राजू प्रसाद, दुर्गा अग्रवाल, उमेश राम, श्रवण सिंह को संरक्षक बनाया गया। साथ ही प्रेम प्रसाद, अमित कुमार, कौशल कुमार, संतोष कुमार, चंदन कुमार, विकास कुमार सहित अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया। पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज गिरि ने बताया की रामनवमी के अवसर पर संगीतमय नवाहन पारायण पाठ महायज्ञ का आयोजन होगा। यज्ञ की शुरूवात 28 मार्च से कलश यात्रा के साथ होगी।जब की सप्तमी के दिन भव्य बाइक जुलुश निकाली जायेगी। वहीं नवमी को भंडारा और मुख्य जुलूस निकाला जायेगा।

## पलामू व्याघ्र आरक्ष में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय वन दिवस



गारू। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर पलामू व्याघ्र आरक्ष के बारेसांड रेंज में फॉरेस्टर परमजीत तिवारी के नेतृत्व में वृक्ष रक्षाबंधन का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री तिवारी ने ग्रामीणों को संबोधन करते हुए कहा कि ग्रामीणों एवं पेड़ पौधे का रिश्ता भाई और बहन जैसा है। वन एवं वन्य जीव हमारे अस्तित्व और स्थिरता की कुंजी हैं। वृक्ष रक्षाबंधन एक अनूठी परंपरा है, जिसमें लोग पेड़ों को राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लेते हैं। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि स्थानीय समुदायों और वन विभाग के बीच सहयोग को भी बढ़ावा देता है। बारेसांढ़ में इस तरह के कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन करना जंगल और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करेगा। पलामू व्याघ्र आरक्ष झारखंड का एक महत्वपूर्ण टाइगर रिजर्व है जहां वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों की भागीदारी बेहद जरूरी है। इस अवसर पर वनरक्षी, ट्रैकर, टीपीफ, क्यूआरटी और स्थानीय वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर शेरा गुप्ता, पवन कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कर्नाटक में आरक्षण पर तुष्टिकरण की राजनीति का एक और उदाहरण : ओम प्रकाश सिंह



लोहरदगा। कर्नाटक विधानसभा में सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण देने का जो विधेयक पारित किया गया है, वह न केवल असंवैधानिक है, बल्कि कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति का एक और प्रमाण है। झारखंड भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश प्रकाश सिंह ने इस फैसले की कड़ी निंदा करते हुए इसे संविधान के मूल भावना के खिलाफ बताया। ओम प्रकाश सिंह ने कहा,आरक्षण का आधार केवल सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन हो सकता है, न कि धर्म। कांग्रेस सरकार ने अपने वोट बैंक की राजनीति के लिए फिर से देश के बहुसंख्यक समाज के साथ अन्याय किया है। यह विधेयक न केवल असंवैधानिक है बल्कि समाज में विभाजन को बढ़ावा देने वाला है। भाजपा इसका हर स्तर पर विरोध करेगी। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी विधायकों द्वारा इस असंवैधानिक विधेयक का विरोध करना पूरी तरह उचित था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के लिए जबरन मार्शल बुलाकर उन्हें सदन से बाहर निकलवा दिया। यह कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है।

## सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित दुधमुंहा बच्चा घायल, एक महिला रेफर

कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 थाना क्षेत्र के जिलिंग गांव के समीप शनिवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में दो महिला और एक मासूम बच्चा घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चतरा जिले के प्रतापपुर कबाली निवासी लालती देवी 42 पति जितेंद्र यादव सड़क पार कर दुसरी ओर स्थित ढाबे में जलपान करने जा रही थीं, तभी रांची की ओर से आरहे एक तेज रफ़्तरा बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वो सड़क पर गिर गयी। वहीं बाइक में सवार कैरो थाना क्षेत्र के तोडांग निवासी रजनी देवी पति कृष्णा उरांव और उसका छह माह का बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी को कुडू अस्पताल पहुंचाया जहां से गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने लालती देवी को रिम्स रेफर कर दिया, जबकि रजनी का और उसके बच्चे का कुडू अस्पताल में इलाज किया गया।

## रामनवमी को लेकर कमेटी का गठन

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरवाडीह आदि शक्ति महावीर मंदिर (बस स्टैंड) में रामनवमी पूजा को सफल व भव्य तरीके से मनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया। समिति ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। इस पावन अवसर को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण पदों के लिए सदस्यों का चयन किया गया है। जो इस प्रकार है। **अध्यक्ष** - राजवर्धन सिंह, **कोषाध्यक्ष**- सतेंद्र सिंह उर्फ डब्बू, **सचिव मंडल**- राजेंद्र प्रसाद, कन्हाई प्रसाद, विवेक सिंह, संरक्षण एवं अखाड़ा **प्रबंधन**- उपेंद्र प्रसाद, सतीश प्रसाद, अवनीश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, सोनू सरदार, बबलू रहमान, कार्यक्रम एवं मंच संचालन- रवि शेखर सिंह उर्फ भीम, चेतन, पूजा एवं प्रसाद व्यवस्था- मन्नू अग्रवाल, नरेश चौरसिया, कमल सिंह (रिंकू), दिल्लु अग्रवाल, युवा समिति के ऊर्जावान सदस्य-छितिज, भास्कर, गौरव सिंह, शुभम गुप्ता, विक्की गुप्ता, ओमकार सिंह, सचिन सिंह, त्रिदेव सिंह, हरमन सिंह, उत्कर्ष सिंह, सिद्धू सिंह, सूरज चौरसिया, आदर्श सिंह, चुने गये।

## वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह- मुख्य मेदिनीनगर मार्ग स्तिथ शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के पास एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने राह चलते एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी और घायल युवक को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बरवाडीह भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सीएचसी रेफर कर दिया। वहीं युवक की पहचान चैनपुर निवासी के रूप में हुई है। वो अपने रिश्तेदार के यंहा बरवाडीह पहुंचा था। घर के आस पास ही घूम रहा था, तभी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही बरवाडीह पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

# जंगल की आग से खतरे में झारखंड की खूबसूरती, हो रहा है वन्य जीवों और प्राकृतिक संसाधनों का नुकसान

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पलाश लाह और महुआ के कारण पूरे विश्व में अपनी पहचान रखने वाले पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले में आये दिन जंगलों में लगने वाली आग से वन्य जीवों और प्राकृतिक संसाधनों पर खतरा मंडराने लगा है। बताते चले की पूरे देश में लातेहार जिला महुआ के उत्पादन में अग्रणी स्थान रखता है। महुआ के मौसम में स्थानीय ग्रामीण, महुआ के पेड़ के नीचे आग जलाकर उसकी सफाई करते हैं,बाद में यह आग धीरे-धीरे जंगल में फैल जाती है और कई दिनों तक प्रज्वलित रहती है। इस आग से न सिर्फ वन्य संसाधनों और वनस्पतियों बल्कि वन्य जीवों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगता है।

वन्य क्षेत्र होने के कारण वन विभाग की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वनों को होने वाले इस प्रकार के नुकसान से उनकी सुरक्षा की जाए और इसके लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान और साथ ही साथ ऐसा करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए, लेकिन वन विभाग की उदासीनता के कारण हजारों हेक्टेयर में फैले यहां के जंगलों को हर वर्ष खासा नुकसान होता रहा है। कई स्थानीय पर्यावरणविदों से बात करने पर यह पता चलता है कि यह सिलसिला विगत कई वर्षों से जारी है और इस पर रोकथाम का कोई भी सकारात्मक प्रयास वन विभाग के द्वारा या वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अथवा जिला वन्य पदाधिकारी के द्वारा नहीं किया जाता, जिससे लोगों का मनोबल बढ़ता है और यह समस्या और विकट रूप लेटी जाती है।

अगर आप गर्मी की शाम को राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए भी इस क्षेत्र से गुजरेंगे तो आपको सड़क के दोनों ओर ऊंचे पहाड़ों पर और आसपास के जंगलों में इस तरह की आग देखने को मिल जायेगी, जिससे कई बार जान और माल की क्षति प्रकाश में आती रहती है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी तथा जिला वन्य पदाधिकारी से इस बाबत बात करने पर कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं मिलता और यह सिलसिला चलता रहता है, जो पर्यावरण प्रेमियों के लिए निरंतर चिंता का विषय बना रहता है। इस संबंध में लातेहार जिला के लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी की कोई अच्छी पहल नहीं रही है, जिससे हर वर्ष महुआ के समय लाखों पेड़ पौधे महुआ के सुनने के दौरान ग्रामीण आग के हवाले कर देते हैं और वन प्रमंडल पदाधिकारी कुछ भी करने से डरे रहते हैं। यह कार्य लगभग हर वर्ष देखी जाती है। वन विभाग पूरी तरह से इस पर कोई रुचि नहीं दिखाती है। वहीं वन प्रमंडल पदाधिकारी के साथ-साथ वन क्षेत्र पदाधिकारी भी इसे अनदेखा करते नजर अभी तक आते रहे हैं।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर रेलकर्मी विनोद सम्मानित




बरवाडीह (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेल की ओर से 69 वें रेल सप्ताह समारोह का आयोजन शुक्रवार को वैशाली के रेल प्रेक्षागृह में किया गया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 92 रेल अधिकारी और कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया। रेल सप्ताह समारोह में सर्वाधिक 15 अवार्ड धनबाद रेल मंडल के खाते में आया। प्रतिवर्ष मिलने वाला जीएम ओवरआल दक्षता अवार्ड (पंडित दीन दयाल उपाध्याय) डीडीयू रेल मंडल ने अपने नाम कर लिया। धनबाद मंडल इस बार उपविजेता रहा। महाप्रबंधक ने धनबाद मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों को जीएम ओवरआल दक्षता शील्ड रनर अप से नवाजा। अन्य विभागों के अधिकारियों को भी पुरस्कृत किया गया। वहीं वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ बरवाडीह के अंतर्गत कार्यरत रेलकर्मी ट्रैक मेंटेनर टू विनोद कुमार यादव को भी उत्कृष्ट कार्य हेतू उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बताते चलें कि रेलकर्मी विनोद कुमार यादव ने इससे पहले भी चार बार डीआरएम अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रबंधन समिति की बैठक

सेन्हा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में बजट समीक्षा और विद्यालय विकास हेतु गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार और संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास की संयुक्त अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी सत्र 2025-26 में विद्यालय संचालन के लिए समिति के पदाधिकारियों द्वारा बजट पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से बजट पास किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू, उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, सह सचिव विजय सोनी, समिति सदस्य कमलनाथ समेत अन्य उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में तीन निजी क्लिनिक सील, दवाइयां जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला प्रशासन के निर्देश पर हुसैनाबाद में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक पर बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार की देर शाम प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट सह हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी विनेश राम, डॉ शशि भूषण, बीपीएम विभूति कुमार, लेखा प्रबंधक प्रेममणि सुधांशु सहित हुसैनाबाद पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की गई है। इस दौरान तीन निजी क्लीनिकों को सील कर दिया गया, जिसमें दुगार्बाड़ी देवरी रोड के पास ममता मिश्रा क्लीनिक, प्रीति क्लीनिक डॉ संतोष कुमार और छतरपुर रोड स्थित डॉ सीमा मिश्रा की महिला चिकित्सा केंद्र शामिल है। इस दौरान कई दवा और अन्य सामग्रियों को भी जब्त किया गया है। सीओ पंकज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन और हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। फिलहाल चिकित्सक एवं क्लीनिक से संबंधित उचित कागजात नहीं दिखाया गया है। जांच की जा रही है। अगले आदेश तक क्लिनिक सील रहेंगें।

## पंसस की बैठक में छाया जल नल मिशन की विफलता का मामला

# विश्रामपुर के 2523 अधूरे पीएम आवास को पूरा कराने का निर्देश

**155 एकड़ जमीन पर आम बागवानी लगाने का लक्ष्य - 15वें वित्त की उपलब्ध 34 लाख रुपये से 13 योजनाओं के क्रियान्वयन पर बनी सहमति**

## अनुपस्थित रहे शिक्षा, चिकित्सा एवं विद्युत विभाग के अधिकारी



पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक करती प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय में शनिवार को पंचायत समिति सदस्यों (पंसस) की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी ने की। बैठक में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल नल मिशन की विफलता का मुद्दा छाया रहा। प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों ने एक स्वर से कहा कि संवेदक की मनमानी और विभागीय अनदेखी के कारण ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना विफल साबित हो रही है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन नहीं किये जाने के मामले को भी सदस्यों ने प्रमुखता से उठाया। बैठक में अब तक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभ से बंचित लाभुकों का सर्वे कराकर सूची तैयार करने का निर्देश संबंधित कर्मियों को दिया गया। जबकि अबतक अधूरे पड़े 1523 पीएम आवास को पूर्ण कराने के लिए कर्मियों के अलावे जनप्रतिनिधियों को भी सहयोग करने पर सहमति बनी। इसी तरह 15 वें वित्त की उपलब्ध 34 लाख रुपये को इस वितीय वर्ष में खर्च करने के लिए विभिन्न पंचायतों में 13 योजनाओं को चालू करने की स्वीकृति दी गयी। गरीब परिवार की कन्याओं की शादी के लिये सरकार की ओर से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप उनका चयन करने एवं मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान के लिए 25 लोगों की सूची तैयार करने पर भी चर्चा हुई। बीडीओ सह सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में अबुआ आवास में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला उठाया गया। जिस पर कमेटी गठित कर उसकी जांच कर सूची तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वैसे परिवारों की सूची तैयार करने पर भी चर्चा हुई, जिन्हें अबतक शौचालय नहीं मिला है। इसके अलावा राजस्व से जुड़े मुद्दे पर भी चर्चा की गयी। हालांकि बैठक में शिक्षा, चिकित्सा एवं विद्युत विभाग से कोई पदाधिकारी उपस्थित नहीं था। अगली बैठक में शामिल नहीं होने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय लिया गया। बैठक में उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह, बीपीआरओ रोशन पाठक सहित कई विभाग के पदाधिकारी, पंसस मौजूद थे।

# रैयत की मौत पर हंगामा



**शव के साथ इजे एरिया कार्यालय पर प्रदर्शन गेट में मारा ताला, कर्मियों को बंधक बना कर मुआवजा-नियोजन देने की मांग**

**झरिया (आजाद सिपाही)।** पूर्वी झरिया क्षेत्र के भू-धंसान प्रभावित क्षेत्र भौंरा 12 नंबर निवासी रैयत संतु महतो (38) की मौत शुक्रवार की रात आठ बजे हार्ट अटैक से हो गयी। मृतक के परिजनों एवं अन्य रैयतों ने शव लाकर इजे एरिया कार्यालय के समक्ष रख कर नियोजन-मुआवजे की मांग करने लगे। ग्रामीण और परिजन संतु महतो की मौत का जिम्मेवार बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग प्रबंधन को ठहरा रहे थे। आक्रोशित लोगों ने भौंरा ईजे कार्यालय के गेट में ताला भी जड़ दिया। यही नहीं, वहां कार्यरत बीसीसीएल कर्मियों को भी ग्रामीण-जेबीकेसेस कार्यकर्ताओं ने बंधक बना लिया। मृतक की पत्नी फूलकुमारी देवी ने भौंरा ओपी में शिकायत देकर बताया कि भू-धंसान के कारण उसका घर क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रबंधन से लगातार मांग करने के बाद भी उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट नहीं किया गया। प्रबंधन ने उनलोगों की जमीन तो ले ली, लेकिन मुआवजा नहीं दिया। अब दूसरी जगह शिफ्ट भी नहीं कर रहे हैं। उनके घर के पास ओबी डंप किया जा रहा है। इस कारण पति हमेशा तनाव में रहते थे। वहीं, जेबीकेसेस उपाध्यक्ष रामप्रसाद प्रसाद सिंह ने कहा कि संतु महतो जमीन का मुआवजा के लिए लगातार इजे एरिया कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। आउटसेंसिंग प्रबंधन के गुर्गे द्वारा रात में संतु के घर में जाकर डराया-धमकाया और पीटा गया था। इसी चिंता से उसकी मौत हो गयी। मृतक के परिजनों को मुआवजा और नियोजन देना होगा, नहीं तो आंदोलन जारी रहेगा।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ पिपरा प्रखंड मुख्यालय पर ग्रामीणों का प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत क्षेत्र में दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय पर पहुंच कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने राशन कार्ड, पेंशन और पशुपालन विभाग के योजनाओं में अधिकारियों रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाते हुए विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं में जनता से अवैध उगाही की जा रही है। भ्रष्टाचार का विरोध करने पर प्राथमिकी दर्ज कराकर जानता की आवाज को दबाया जा रहा है। हाल ही में भ्रष्टाचार का विरोध करने पर तेंदुई पंचायत के मुखिया पति अरविंद सिंह पर एमओ द्वारा आरोप लगाकर केस दर्ज करा दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने, पेंशन के लिए आवेदन करने और पशुपालन विभाग सहित कई योजनाओं में खुलेआम रिश्वत मांगी जा रही है। एमओ की मिलीभक्त से पीडीएस दुकानदार प्रत्येक यूनिट पर 500 ग्राम राशन काट रहे हैं। पीडीएस दुकानदार से मिले राशन को घर पर तौले जाने पर 3 से 5 किलोग्राम तक कम पाया जाता है। यह सभी कार्य एमओ की मिली भगत से हो रहा है। ग्रामीणों ने डिलरों पर भी डबल ई-पॉस मशीन रखने का आरोप लगाया। इस दौरान कई राशन कार्डधारियों ने कार्ड सुधारने के नाम पर दो हजार रुपए मांगे जाने का भी आरोप लगाया। कहा कि दिव्यांग पेंशन के लिए 17 लोगों की स्वीकृत सूची कार्यालय से गायब कर दी गयी है। वहीं मुखिया उषा देवी ने आरोप लगाया कि प्रखंड और अंचल कार्यालय में बिना रिश्वत दिये कोई कार्य नहीं होता है। अयोग्य वृद्धा पेंशन पाने वाले के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं ग्रामीण और जन प्रतिनिधियों ने पलामू डीसी शशि रंजन से भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में किशुनदेव सिंह, इंद्रजीत पासवान, उपेंद्र सिंह, आलोक सिंह, नरेंद्र सिंह, संतोष शर्मा, सविता देवी, सानो देवी, आशा देवी, गीत देवी, सोनू ठाकुर, प्रवेश भुइयां, विजेंद्र ठाकुर, जमुना यादव, सिकेंदर पासवान, मंदीप राम सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## ग्रामीणों के आरोपों की होगी जांच : बीडीओ

**इस संबंध में पूछेजाने पर पीपरा बीडीओ विनय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने जो आरोप लगाया है, उस पर जांच की जाएगी। आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई होगी। जबकि एमओ सर्जुन राम का कहना है कि मुखिया पति द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डाली गयी और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल किया गया। जिसके बाद उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करवाया है। उन पर लगे सभी आरोप गलत है।`**

## मंईयां सम्मान योजना की समस्या दूर करने को 24 से शिविर का आयोजन

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। मंईयां सम्मान योजना की राशि हजारों लाभुकों के खाते में नहीं पहुंची है। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में कुल 8945 लाभुक है। इनमे से 1617 महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है। जबकि 2675 लाभूक को होल्ड पर रखा गया है। इन समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन के निर्देश पर 24 मार्च से छह दिवसीय शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर फुसरो स्थित वार्ड विकास केंद्र, एबी सिंह पेट्रोल पंप के पास आयोजित होगा। इसके सफल आयोजन के लिए सिटी मैनेजर अजमल हुसैन और सिटी मिशन मैनेजर सुजीत कुमार त्रिवेदी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। अजमल हुसैन के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक रमेश कुमार महतो और नितेश कुमार पांडेय लाभुकों की समस्या का निराकरण करेंगे। वहीं, सुजीत त्रिवेदी की अगुवाई में राजस्व निरीक्षक अजय कुमार दास और सिकंदर कुमार साव लाभुकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि उक्त स्थल पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से संबंधित लाभुकों की समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने लाभुकों से भी आग्रह किया कि जिनके भी खाते में पैसे नहीं आए हैं और समस्या हो रही है वह शिविर में आकर समस्या का निराकरण कराये।**

# सक्षम लोग अपना राशन कार्ड सरेंडर करें, अन्यथा होगी कार्रवाई : एमओ

**हुसैनाबाद में 24 राशन कार्डधारियों ने किया सरेंडर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) मनोज कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद मे अभी तक 24 लोगों ने अपना राशनकार्ड सरेंडर किया हैं। शहरी क्षेत्र के पीडीएस दुकानदार अजीत कुमार चौधरी ने बताया कि उनके यहां मात्र दो लोगों का नाम राशन कार्ड से हटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया है। उक्त दोनों की सरकारी नौकरी हो गई हैं। दो-चार कार्डधारी दो-तीन महीने में राशन का उठाव करते हैं। वहीं पीडीएस दुकानदार सूर्यनाथ राम ने बताया कि हमारे यहां किसी ने कार्ड सरेंडर नहीं किया है। सभी राशन सामग्री का उठाव समय पर करते हैं। एमओ ने बताया कि सक्षम एवं सरकारी नौकरी करने वाले वैसे राशन कार्डधारियों को कार्ड सरेंडर करने का समय दिया गया था। जिसमें 24 लोगों ने ही कार्ड सरेंडर कर दिया है। अन्य की जांच की जा रही हैं। सक्षम लोग अगर अपना राशन कार्ड सरेंडर नही करते है, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## रागिनी सिंह ने सदन में उठाया स्मार्ट मीटर लगाने के बाद बिजली बिल अधिक भेजे जाने का मुद्दा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक रागिनी सिंह ने बिजली विभाग द्वारा नया स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों को विधानसभा में उठाया। कहा कि जब से स्मार्ट मीटर लगाए गए है तभी से उपभोक्ता लगातार दोगुणा बिल वसूल किये जाने का आरोप लगा रहे हैं, जिसकी शिकायतें भी मिल रही हैं। यही नहीं ग्रामीण इलाकों में लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया। कई नए स्मार्ट मीटर को उखाड़ कर फेंका गया है। दोहरे बिल को लेकर उपभोक्ताओं में काफी मायूसी है। इसलिए इसकी विभाग द्वारा जांच होनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को सही बिल मिल सके।

## वेस्ट मोदीडीह से 22 टन अवैध कोयला जब्त



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या-4 स्थित वेस्ट मोदीडीह कोलियरी के खास सिजुआ में सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस ने अवैध कोयला भंडारण और आपूर्ति पर नकेल कसते हुए संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान सिजुआ चौहाण बस्ती में छापामारी कर 22 टन अवैध कोयला जब्त किया, जिसे उठवा कराकर हाईवा से कोलियरी प्रबंधक को सौंप दिया। वहीं, सीआईएसएफ से लिखित शिकायत नहीं मिलने के कारण तेतुलमारी पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है। थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव ने कहा कि शनिवार की छापेमारी में 22 टन अवैध कोयला जब्त हुआ है। वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर खनिज संपदा के अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी कीमत पर अवैध धंधेबाजों को बख्शा नहीं जाएगा।

# विश्रामपुर सीएचसी में प्रसव के दौरान नवजात की मौत, चिकित्सों पर लापरवाही का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार की रात प्रसव के बाद नवजात की मौत हो गयी। उसके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार पांडू थाने के कजरु कला निवासी जय हनुमान भुइयां अपनी पत्नी को प्रसव के लिए 21 मार्च को विश्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराये थे। जय हनुमान भुइयां ने बताया कि अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीज को किसी निजी अस्पताल में ले जाने की धमकी देते हुए दुर्व्यवहार किया। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वह अपनी पत्नी को किसी निजी अस्पताल नहीं ले जा पाया। इसी बीच शुक्रवार की शाम सात बजे सामान्य प्रसव से बच्चा हुआ। उन्हें बताया गया कि जच्चा-बच्चा की हालात ठीक नहीं है और मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। किसी तरह अपने बच्चे को लेकर जब वह सेवा सदन पहुंचा तो वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जय हनुमान भुइयां का आरोप है कि सीएचसी में उचित इलाज नहीं किया गया। जिस कारण बच्चे की मौत हो गयी। उसने पलामू डीसी से इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेन्द्र कुमार ने कहा कि अभी छुट्टी पर बाहर हैं। उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। वापस आने के बाद जांचोपरांत कार्रवाई की जायेगी।

# संत मरियम स्कूल की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित, अभिभावक खुश




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा शनिवार को हुई। विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बच्चों के शानदार प्रदर्शन एवं उन्नत प्राप्तांक को लेकर अभिभावक काफी प्रसन्न दिखे। स्कूल के शानदार परिणाम को लेकर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षकों की लगन, मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि बच्चे और अभिभावक मुस्कुरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू के शिक्षा को ऊंची उड़ान देने के लिए संत मरियम निरंतर संघर्षरत है। विद्यालय प्रबंधन हमेशा प्रयासरत है कि देश के विभिन्न राज्यों से श्रेष्ठ शिक्षकों को नियुक्त कर बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे सके। स्कूल की सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। चाहे वह क्लासरूम को इंटरैक्टिव बोर्ड के माध्यम से स्मार्ट क्लास में तब्दील करना हो, स्कूल की बिल्डिंगों का विस्तार करना हो या खेल के मैदान को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना, लाइब्रेरी, प्रैक्टिकल लैब या फिर स्कूल बस को सीसीटीवी एवं जीपीएस से लैस कर विद्यार्थियों की यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाना जैसे तमाम पहलुओं को नया रूप दिया जा रहा है। नए सत्र का प्रारंभ 27 मार्च से होने वाला है, जिसके लिए विद्यालय पूरी तरह तैयार है। नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभिभावक काफी संख्या में बच्चों का नामांकन कराने आ रहे हैं।

# बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** शहरी क्षेत्र में संचालित आधा दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का बीडीओ सह सीडीपीओ पारितोष प्रियदर्शी ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इसमें अररुआ खुर्द, अररूआ कला, चरकेडिया आदि शामिल हैं। बीडीओ ने सेविकाओं को प्री स्कूल किट्स के बेहतर उपयोग करने का निर्देश दिया एवं बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और एक बजे तक बच्चों को केंद्र में रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि बच्चे केंद्र में आने और सीखने के लिए अधिक प्रेरित हों, बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। निरीक्षण में बाल विकास परियोजना के पर्यवेक्षक सरस्वती देवी एवं आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका उपस्थित थीं।

## पर्यावरणविद ने पौधरोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर मनाया विश्व वानिकी दिवस

# प्रकृति से केवल लेना ही नहीं, देना भी सीखें: डॉ कौशल

आजाद सिपाही संवाददादा



पौधा रोपण एवं स्कूली वृक्षों पर रक्षाबंधन करते डॉ कौशल और छात्राएं।

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने शुक्रवार को जिले के छतरपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्राओं के साथ पौधरोपण कर विश्व वानिकी दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ कौशल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ चंदन का पौधा लगाकर एवं कन्या पूजन के बाद राष्ट्रीय गान के उद्घोष के बीच किया। कस्तूरबा के छात्राओं को उन्होंने पर्यावरण धर्म की वृहद जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक भी किया। पर्यावरण धर्म की आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए डॉ कौशल ने कहा कि आज से पूरी दुनिया के वृक्षों में तेजी से नए पत्ते निकलने लगते हैं। इसलिए आज का दिन वृक्षों के छठी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। डॉ कौशल ने कहा कि लोग वनों की सुरक्षा और पौधा रोपण कर ही वानिकी दिवस मनाते हैं। हर व्यक्ति अपना कर्तव्य समझें और किसी भी कीमत पर वनों को आग से बचाए, तभी इस दिवस को मनाने की सार्थकता है। कहा कि वनों में आग लगने से वन्य प्राणियों की क्षति के साथ ही खनिज संपदा का भी भारी नुकसान होता है। उन्होंने यह भी बताया को वनों में आग लगने से मिट्टी भी पक जाती है जिसपर नए पौधों का विकास उस गति से नहीं हो पाता है। पर्यावरणविद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति से केवल लेना ही नहीं, देना भी सीखें। प्रदूषण का खतरा लोगों के सिर पर मंडरा रहा है। विश्व वानिकी दिवस पर उन्होंने ब्रह्माण्ड के सभी जीवों की रक्षा के लिए लोगों से पौधरोपण करने की अपील की। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता रीना कुमारी और संचालन प्रतिभा शर्मा ने की। धन्यवाद ज्ञापन श्यामंता कुमार सिंह ने किया। वहीं, वक्ताओं ने पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल के लंबे अरसे से निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण कार्यों की सराहना की। वीपीएसए संस्था की प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि लोग पौधा लगाकर अपने बच्चों की तरह देखभाल करें। मौके पर शिक्षिका बेदीका तिवारी, गौरी तिवारी, राजेंद्र कुमार यादव, मुदित टेरेसा बारला, सत्य सिंह एवं संतोष कुमार आदि शामिल थे।

